

मुझे लगता है कि इस मैच के लिए हमारे पास जो बॉलिंग अटैक था, वह सबसे बेहतरीन था। देखिए, सिराज एक शानदार खिलाड़ी और बेहतरीन गेंदबाज हैं, जिन्होंने भारत के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन, इन सबसे बढ़कर, वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। - **शुभमन गिल**

भारतीय बल्लेबाज, सिराज को वेलिंगटन टेस्ट से बाहर रखने पर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



मिचेल स्टार्क

मिचेल स्टार्क ने साल 2015 से 2025 के बीच खेले गए 15 मुकाबलों की 29 पारियों में विरोधी टीमों के छक्के छुड़ा दिए। स्टार्क ने कुल 2931 गेंदें (488.3 ओवर) फेंकी और 1523 रन देकर 89 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 17.11 और इकोनॉमी रेट 3.11 का रहा। उनका स्ट्राइक रेट 32.93 का रहा, जिसका मतलब है कि वे हर 33वीं गेंद पर विकेट हासिल करते रहे। स्टार्क ने 101 मेडन ओवर डाले और 6 बार एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट झटके।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय महिला टीम ने नवंबर 2025 में पहली बार वनडे विश्व कप जीता। पुरुष टीम ने 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप खिताब अपने नाम किए।

मि. इंडिया चैम्पियनशिप में रहीम बने चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस



जयपुर, 24 नवंबर। प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित मिस्टर इंडिया चैंपियनशिप में रहीम अब्बासी यादव ने 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' का खिताब जीता, जबकि साकिब सेकंड रनरअप रहे। फेडरेशन अध्यक्ष मंसूर खान और हेड जज अशोक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राजस्थान के चेतन प्रकाश वैष्णव, रहीम अब्बासी, साकिब, सोनू यादव और तनवीर ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

रॉयल क्रिकेट एकेडमी की लगातार तीसरी जीत, रितिक चमके

जयपुर, 24 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में रॉयल क्रिकेट एकेडमी ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी को 18 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। नेशनल क्रिकेट ग्राउंड, बैनाड़ पर खेले गए मुकाबले में रॉयल एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 155 रन बनाए। हितार्थ डेगरा ने 71 और रितिक राठौड़ ने 18 रन बनाए। जवाब में नेशनल क्रिकेट एकेडमी की टीम 7 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। रितिक राठौड़ को शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राजस्थान यूनाइटेड का मोहम्मडन स्पोर्टिंग से मुकाबला कल

जयपुर, 24 नवंबर। इंडियन फुटबॉल लीग 2026-27 में राजस्थान यूनाइटेड एफसी बुधवार, 25 नवंबर को कोलकाता में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब से भिड़ेगी। मुकाबला शाम 4 बजे किशोर भारती क्रीरंगन स्टेडियम में खेला जाएगा। राजस्थान यूनाइटेड के कोच विक्रांत शर्मा ने कहा कि टीम पिछले परिणामों को पीछे छोड़ जीत के लिए पूरी ताकत लगाएगी। खिलाड़ी प्रदीप सिंह ने भी तीनों अंक हासिल करने का भरोसा जताया और प्रशंसकों से समर्थन की अपील की।

क्रॉस सेमीफाइनल मुकाबले कल से, टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 को होगा

जयपुर, 24 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन के तहत अगला टूर्नामेंट 'द ग्वालियर कप' (06 गोल) 25 नवंबर, कल से शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट में चार टीमें जगत पोलो, रामबाग/स्वराज, जयपुर और विमल एरियन अचीवर्स खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 25 नवंबर को पीपीसी ग्राउंड पर दो मुकाबलों के साथ होगी। पहला मुकाबला दोपहर 3 बजे से जयपुर और विमल एरियन अचीवर्स के बीच, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 4 बजे से जगत पोलो और रामबाग/स्वराज के बीच खेला जाएगा। इसके बाद गुरुवार, 26 नवंबर और शुक्रवार, 27 नवंबर को क्रॉस सेमीफाइनल खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबला शनिवार, 28 नवंबर को होगा। जयपुर की टीम में विश्वराज सिंह राठौड़, डीनो धनखड़ , कुलदीप सिंह राठौड़ और एच.एच. महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ऑफ जयपुर शामिल रहेंगे। जबकि, विमल एरियन अचीवर्स की टीम में रणवीर सहारण, सावित्र मेहराज गोदारा, ध्रुवपाल गोदारा और क्रिस ल्यूक मैदान में उतरेंगे। टूर्नामेंट में जगत पोलो की टीम में विजयश्री शक्तावत, वीरमदेव सिंह, हिम्मत सिंह बेदला और फेडे बौउडू शामिल होंगी। रामबाग/स्वराज की टीम की ओर से सिद्धांत सिंह, प्रताप सिंह कानोता, हुर्र अली और जुआन जोस डियाज अल्बर्डी खेलेंगे। वहीं, टूर्नामेंट के बाद, रविवार 29 नवंबर को 'एच.एच. द महाराजा ऑफ मैसूर कप' का एग्जीबिशन पोलो मैच भी आयोजित किया जाएगा।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में जयपुर का दबदबा, अंडर-19 बालक-बालिका दोनों वर्गों में चैम्पियन



भरतपुर, 24 नवंबर। भरतपुर में आयोजित 71वीं राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के खिताब अपने नाम किए। अंडर-19 बालक वर्ग के फाइनल में जयपुर की टीम ने कोटा को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में भी जयपुर की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए कोटा को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। दोनों वर्गों में जयपुर की इस दोहरी सफलता से खिलाड़ियों, कोच और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। जयपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन महेश्वरी एवं मानद सचिव सचित गुप्ता ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी

वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक, 53 बॉल, 204 रन, 28 छक्के

नई दिल्ली, 24 नवंबर। भारत के धाकड़ सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने दोहा में खेले जा रहे राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2026 में बल्ले से कोहराम मचा दिया। वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ पहले 28 गेंदों में लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक जड़ा, इसके बाद भी उनका बल्ला नहीं रुका और उन्होंने वो कर दिखाया, जो अभी तक कोई नहीं कर सका था। वैभव ने लिस्ट ए यानीवनडे क्रिकेट में अब तक का सबसे तेजदोहरा शतक सिर्फ 52 गेंदों में जड़ डाला और बल्ले से गेंदबाजों की इतनी बुरी कुटाई करने वाले 15 साल के इस बल्लेबाज ने इतिहास रच दिया। वैभव से पहले लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक 103 गेंदों में चाड बोवेस ने ओटागो की टीम के खिलाफ जड़ा था। वैभव के तूफानी दोहरे शतक से इंडिया ए ने ग्रुप स्टेज के अंतिम मैच में 250 रन का लक्ष्य सिर्फ 14.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 214 गेंद पहले सात विकेट की बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया।

वैभव ने पहले शतक से बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

पाकिस्तान के सामने हार के बाद इंडिया ए के खिलाड़ी काफी निराश थे। उनका सामना सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए करो या मरो के मुकाबले में यूएई की टीम से हुआ। यूएई ने पहले खेलते हुए इंडिया ए के सामने आठ विकेट पर 50 ओवर में 249 रन का टोटल बनाया। इसके जवाब में इंडिया ए के लिए सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा आए। वैभव ने पहली गेंद से ही बल्ला घुमाना जारी रखा और फिर वह रुके ही नहीं। जबकि दूसरे छोर पर अभिषेक शर्मा पांच गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 12 रन बनाकर चलते बने। वैभव ने लेकिन बल्ले से ऐसी मार जारी रखी कि सबसे पहले तो 28 गेंदों में चार चौके और 14 छक्कों की मदद से अपने लिस्ट ए क्रिकेट करियर का सबसे तेज शतक जड़ डाला।



सबसे तेज लिस्ट सेंचुरी (गेंदों के हिसाब से) लगाने वाले बल्लेबाज

वैभव सूर्यवंशी, इंडिया ए बनाम यूएई (28 गेंद) (2026), जैक फ्रेजर-मैकगर्क, साउथ ऑस्ट्रेलिया बनाम तस्मानिया (29 गेंद) (एडिलेड, 2023), एबी डिविलियर्स, साउथ अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज (31 गेंद) (जोहानिसबर्ग, 2015), सकीबुल गनी, बिहार बनाम अरुणाचल प्रदेश (32 गेंद) (रांची, 2025), इशान किशन, झारखंड बनाम कर्नाटक (33 गेंद) (अहमदाबाद, 2025)।

वैभव सूर्यवंशी ने जड़ा रिकॉर्ड दोहरा शतक

यूएई के खिलाफ दोहा के मैदान पर सिर्फ 28 गेंदों मेंशतक जड़ने के बाद भी वैभव रुके नहींऔर वह लगातार बल्ले से चौके और छक्के बरसाते चले गए। वैभव को हालांकि बीच में एक जीवनदान भी मिला तो उन्होंने फिर दुनिया का सबसे तेज दोहरा शतक जड़ डाला। वैभव ने सिर्फ 52 गेंदों में यूएई के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट यानी वनडे का सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। वैभव ने 52 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया तो इसके बाद 53वीं गेंद पर वह कैच आउट हो गए। इससे वैभव 53 गेंदों में सात चौके और 28 छक्कों की मदद से 204 रन की ताबड़तोड़ वर्ल्ड रिकॉर्ड पारी खेलकर चलते बने। वैभव से पहले सबसे तेज दोहरा शतक 103 गेंदों में दर्ज था। यानी करीब आधी गेंदों में ही वैभव ने दोहरा शतक ठोक दिया और अब दुनिया में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

भारत ने वैभव सूर्यवंशी के ताबड़तोड़ दोहरे शतक की बदौलत 250 रन का लक्ष्य सिर्फ 14.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत के लिए वैभव के अलावा 19 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 27 रन की नाबाद पारी रिंकू सिंह ने खेली। इससे टीम इंडिया ने 214 गेंद पहले ही मैच जीत लिया और सेमीफाइनल में भी जगह पक्की कर ली। ग्रुप बी में तीन में से दो जीत के साथ इंडिया ए की टीम चार अंक लेकर पहले स्थान पर आ गई है, जबकि उसका नेट रन रेट भी 3.523 का हो गया है।

बैट और बॉल के बीच संतुलन जरूरी, बल्लेबाजों के पक्ष में झुक रहा टी-20 क्रिकेट : बाबर आजम

नई दिल्ली, 24 नवंबर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने कहा है कि टी-20 क्रिकेट में बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बराबर मौके मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में छोटे मैदान, बेहतर बैट और फील्डिंग प्रतिबंधों के कारण क्रिकेटर बल्लेबाजों की ओर झुकता जा रहा है। बाबर ने कहा- 'जरुरी नहीं है कि हर मैदान पर 200 या ज्यादा रन बने। हर देश और मैदान की परिस्थितियां अलग होती हैं। इसलिए पिच और कंडीशन में गेंदबाजों के लिए भी कुछ होना चाहिए। बाबर फिलहाल इंटरनेशनल लीग टी-20 (20) में खेल रहे हैं। वे पहली बार यह लीग खेल रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के अपने डेब्यू मैच में 86 रन की पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

बाबर के नाम टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन: बाबर आजम टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके नाम 4,596 रन हैं। वे इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 50 स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 42 बार यह उपलब्धि हासिल की है। बाबर 145 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 85 मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की है। लगातार 55 टी-20 इंटरनेशनल में कप्तानी करने का रिकॉर्ड भी उनके ही नाम है।

प्रियांश आर्या ने टी-20 का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

मुश्ताक अली ट्रॉफी में 68 गेंद पर 181 रन बनाए, रिकॉर्ड 19 छक्के लगाए



नई दिल्ली, 24 नवंबर। दिल्ली के प्रियांश आर्या ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तमिलनाडु के खिलाफ 68 गेंदों पर 181 रन की पारी खेली। यह 20 क्रिकेट में किसी भी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। वे इस फॉर्मेट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्कोरर भी बन गए हैं। वहीं, वह बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने एरोन फिंच का रिकॉर्ड तोड़ा। फिंच ने 2018 में 172 रन बनाए थे। प्रियांश की इस पारी की बदौलत दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 275 रन बनाए। जवाब में तमिलनाडु की टीम सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। इस मैच को दिल्ली ने 116 रन से जीत लिया।

19 छक्के लगाए, स्ट्राइक रेट 266.18 का रहा : प्रियांश ने अपनी पारी में 7 चौके और 19 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 266.18 रहा। उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों के सबसे बड़े स्कोर के मामले में केएल राहुल को पीछे छोड़ा। राहुल ने 2026 में दिल्ली की ओर से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ 152 रन बनाए थे। सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में सबसे बड़ी पारी तिलक वर्मा ने खेली है। तिलक ने 2024 में मेघालय के खिलाफ 67 गेंदों पर नाबाद 151 रन बनाए थे।

रजत पाटीदार का सीजन का रिकॉर्ड भी तोड़ा: सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इस सीजन में प्रियांश से पहले सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार के नाम था। उन्होंने असम के खिलाफ 48 गेंदों पर नाबाद 135 रन बनाए थे। प्रियांश ने इस स्कोर को 46 रन से पीछे छोड़ दिया।

नीतीश राणा के साथ 118 रन की साझेदारी की: प्रियांश ने यश ढुल के साथ पहले विकेट के लिए 17 गेंदों पर 30 रन जोड़े। यश 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उन्होंने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 गेंदों पर 118 रन की साझेदारी की। राणा ने 17 गेंदों पर 18 रन बनाए। प्रियांश 18.4 ओवर में मणिमारन सिद्धार्थ की गेंद पर रितिक ईश्वरन के हाथों कैच आउट हुए। इससे पहले उन्होंने अनुज रावत के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 87 रन जोड़े।

आईसीसी का गेंद पर लार लगाने के प्रतिबंध को हटाने से इंकार

नई दिल्ली, 24 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की भारतीय कप्तान शुभमन गिल की अपील के बावजूद स्वास्थ्य और क्रिकेट संबंधी कारणों से गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध की समीक्षा करने की कोई योजना नहीं है। वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर खेले गए पहले टेस्ट मैच के ड्रॉ होने के बाद गिल ने कूकाबुरा गेंद के बहुत जल्दी नरम हो जाने के संदर्भ में कहा था कि खिलाड़ियों को गेंद को चमकाने के लिए लार का उपयोग करने की अनुमति देने से बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पीटीआई को मिली जानकारी के अनुसार विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था का रवैया अभी पहले जैसा ही है।

कोविड-19 महामारी के बाद खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए पहली बार 2020 में गेंद पर लार के लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके कुछ वर्षों बाद आईसीसी के खेल की परिस्थितियों से जुड़े नियमों में इसे स्थायी नियम बना दिया गया था। यह मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब के क्रिकेट नियमों के अनुरूप था, जिनके अनुसार गेंद की स्थिति को बदलने के लार का उपयोग करने को भी किसी भी अन्य अनुचित तरीके की तरह माना जाता है। खिलाड़ी मैदान पर मीठे पदार्थों, च्युइंग गम और मिंट जैसी चीजों का उपयोग करते हैं और ऐसे में लार लगाने पर गेंद की स्थिति काफी हद तक बदल सकती है। इसके अलावा इसके इस्तेमाल की निगरानी करना और इसे नियंत्रित करना भी बहुत मुश्किल है।

इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया

// फिल सॉल्ट और एनेरिन डोनाल्ड की फिफ्टी, 151 रन की साझेदारी की //

नई दिल्ली, 24 नवंबर। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 मुकाबले में 8 विकेट से हरा दिया। टीम ने 185 रन का लक्ष्य सिर्फ 13.1 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। क्वींसलैंड के कैरारा ओवल में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड के ओपनर एनेरिन डोनाल्ड और फिल सॉल्ट ने 151 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। डोनाल्ड ने 85 और सॉल्ट ने 58 रन बनाए।

डोनाल्ड ने 18 गेंदों में जड़ी फिफ्टी

इंग्लैंड की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। एनेरिन डोनाल्ड ने सिर्फ 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में संयुक्त रूप से तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है। डोनाल्ड ने 32 गेंदों पर 85 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 9 छक्के लगाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे ओपनर फिल सॉल्ट ने भी 30 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। उन्होंने 5 चौके और 4 छक्के लगाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यह साझेदारी 10.1 ओवर में टूटी, जब डोनाल्ड को राइली मेरेडिथ ने जैक एडवर्ड्स के हाथों कैच कराया।



13.1 ओवर में इंग्लैंड ने मैच जीता

डोनाल्ड के आउट होने के बाद कप्तान हैरी ब्रूक और टॉम बैंटन ने टीम को जीत तक पहुंचाया। ब्रूक 9 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि बैंटन ने 8 गेंदों पर 26 रन बनाए। उन्होंने 3 छक्के लगाए। इंग्लैंड ने 13.1 ओवर में 188 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम की पारी में कुल 16 छक्के लगे।

ऑस्ट्रेलिया के लिए निखिल और डेविस ने बनाए रन

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 58 रन तक 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निखिल चौधरी और जोएल डेविस ने पारी संभाली। निखिल ने 35 गेंदों पर 45 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, जोएल डेविस ने 25 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई।

आखिरी 5 ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 66 रन

ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए आखिरी 5 ओवर में 66 रन बनाए। बेन ड्वारशुइस ने सिर्फ 4 गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाए। उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में सैम करन की लगातार 3 गेंदों पर छक्के लगाए। जोएल डेविस ने भी 39 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से सैम करन और हेनरी क्रोकोम्ब ने 2-2 विकेट लिए। जेमी ओवरटन और आदिल राशिद को एक-एक विकेट मिला।

सीरीज 1-1 से बराबर, तीसरा मैच निर्णायक

इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज में वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टी-20 मुकाबला जीता था, जबकि दूसरे मैच में इंग्लैंड ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। अब दोनों टीमों के बीच तीसरा और आखिरी टी-20 मुकाबला सीरीज का फैसला करेगा।

यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट : नैना और नारायणा एकेडमी जीती, आदित्य यादव का तूफानी शतक



जयपुर, 24 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में नैना एकेडमी ने शास्त्री एकेडमी को 51 रन से तथा नारायणा एकेडमी ने राजस्थान स्पार्टन एकेडमी को 10 विकेट से हराया। नैना ग्राउंड पर नैना एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन शर्मा और इजहार खान के 47-47 रनों की मदद से 44.5 ओवर में 169 रन बनाए। जवाब में शास्त्री एकेडमी की टीम पार्थ के 62 रनों के बावजूद 118 रन पर आउट हो गई। इजहार खान ने 14 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि पूर्वांश छावल ने 2 विकेट हासिल किए। दूसरे मुकाबले में राजस्थान स्पार्टन एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.2 ओवर में 108 रन बनाए। नारायणा एकेडमी के नरेंद्र चौधरी ने 3 और यश चौधरी ने 2 विकेट लिए। जवाब में नारायणा एकेडमी ने आदित्य यादव के तूफानी शतक की बदौलत महज 5.2 ओवर में बिना विकेट खोए 109 रन बनाकर जीत दर्ज की। आदित्य ने मात्र 28 गेंदों पर नाबाद 103 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 8 छक्के शामिल रहे।

शक्ति सिंह की कप्तानी में राजस्थान पुलिस फुटबॉल टीम क्वार्टर फाइनल में, युवराज सिंह ने दागे चार गोल



जयपुर, 24 नवंबर। त्रिपुरा के अगरतला में 16 से 28 नवंबर तक आयोजित 75वीं बीएन मलिक मेमोरियल अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 में राजस्थान पुलिस फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शक्ति सिंह की कप्तानी में टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को 7-1 से हराया। ग्रुप- में राजस्थान पुलिस ने चार मुकाबलों में 10 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। टीम ने पहले मैच में त्रिपुरा पुलिस को 5-1 से हराया। इसमें इमरान खान ने तीन और युवराज सिंह ने दो गोल किए। गोवा पुलिस के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। इसमें अमित गोदारा और जयेश आदिवाल ने गोल किए। इसके बाद मणिपुर पुलिस को 3-2 से हराया, जिसमें युवराज सिंह ने दो और जयेश आदिवाल ने एक गोल किया। चौथे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश पुलिस को 2-0 से शिकस्त दी। इसमें इमरान खान और करमजीत गुर्जर ने एक-एक गोल किया। 23 नवंबर को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान पुलिस ने आरपीएफ के खिलाफ पहले हाफ में ही 5-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में दो और गोल कर टीम ने 7-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में युवराज सिंह ने चार, जयेश आदिवाल ने दो और इमरान खान ने एक गोल किया। राजस्थान पुलिस का अगला मुकाबला 25 नवंबर को तुलाबगन स्टेडियम में केरल पुलिस से होगा। टीम के मैनेजर रोशन अली, कोच तरुण कुमार और फिजियो विनोद हैं। कई वर्षों बाद राजस्थान पुलिस फुटबॉल टीम का इस स्तर पर शानदार प्रदर्शन पुलिस विभाग के लिए गौरव का विषय है।

एशियाई सीनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान की तीन खिलाड़ी



जयपुर, 24 नवंबर। कजाकिस्तान के अल्माटी में 23 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित 21वीं एशियाई सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान की तीन खिलाड़ियों टीना, मनीषा जाट और कशिश शर्मा का चयन हुआ है। भारतीय टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अल्माटी पहुंच चुकी है। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीगंगानगर की टीना पिवट और भीलवाड़ा की मनीषा जाट राइट बैक पोजीशन पर खेलती हैं। दोनों आरएसएससी महिला हैंडबॉल अकादमी की पूर्व खिलाड़ी हैं और वर्तमान में बीएसएफ में कार्यरत हैं। वहीं, सीकर की कशिश शर्मा लेफ्ट विंग पोजीशन पर खेलती हैं और जयपुर स्थित राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 11 से 20 नवंबर तक हिमाचल प्रदेश की मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी में आयोजित किया गया था। तीनों खिलाड़ियों के चयन पर राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल, मानद सचिव यश प्रताप सिंह सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने बधाई देते हुए चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

चार देशों की जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में भारत का स्वर्ण, राजस्थान के रवि और ईशान का शानदार प्रदर्शन



नेपाल को फाइनल में 57-45 से हराकर भारतीय टीम बनी चैंपियन

जयपुर, 24 नवंबर। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित चार देशों की जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में भारतीय बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में भारत ने मेजबान नेपाल को 57-45 से हराकर खिताब जीता। इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन के महामंत्री एवं राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, बांग्लादेश और थाईलैंड की टीमों ने भाग लिया। भारतीय टीम ने लीग मुकाबलों में थाईलैंड को 75-53 से, नेपाल को 52-43 से और बांग्लादेश को 76-21 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए नेपाल को 12 अंकों से पराजित किया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के दो खिलाड़ियों रवि कुमार और ईशान सिंह ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और प्रदेश व देश का मान बढ़ाया। तेजस्वी सिंह गहलोत ने दोनों खिलाड़ियों सहित पूरी भारतीय टीम को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। भारतीय टीम में हर्षमान, चिंटू, प्रज्वल, श्रीनाथ, हिमांशु, राहुल, नागराज, ईशांत, युवराज, रमेश, श्रीधर, रवि कुमार, दीपक कुमार, आर्यन और विश्वास शामिल थे। टीम के कोच रीशांत और नितिन तोमर तथा मैनेजर आनंद थे।